>

Title : Need to augment rail services in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया में रेलवे की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। यह पूर्वांचल क्षेत्र का महत्वपूर्ण जिला है, जहां के अधिकांश लोग अन्य राज्यों में नौकरियां कर रहे हैं जो हर वÂाऩ रेलों के माध्यम से आने जाने के लिए यात्रा करते हैं। यहां का काफी कच्चा माल रेलों के माध्यम से ट्रांसपोर्ट होता है। मेरे संसदीय क्षेत्र का रेलवे स्टेशन अभी तक आदर्श रेलवे स्टेशन की कैटेगरी में नहीं लिया गया है और न ही इस रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त सुविधा है। इस संसदीय क्षेत्र में एक बरहज बाजार जगह है जो पूर्वांचल की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु है। बरहज बाजार में रेलवे की काफी भूमि खाली पड़ी हुई है, जहां पर रेलवे यार्ड बनाया जा सकता है। इसके उपयोग से रेलवे काफी बचत कर सकता है। देवरिया रेलवे स्टेशन पर बिहार सम्पर्क क्रांति को ठहराव दिये जाने की मांग काफी समय से की जा रही है, जो अभी पूरी नहीं की गई है। इस गाड़ी का ठहराव देवरिया स्टेशन पर किया जाये। दिल्ली से कोलकाता या अन्य क्षेत्रों के लिए राजधानी सेवा चलाई जाये और इस इस राजधानी को वाया देवरिया चलाया जाये और इसका ठहराव देवरिया में भी किया जाये, जिससे अन्य राज्यों से देवरिया आने-जाने वालों की मांग को पूरा किया जा सके।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सुविधाएं एवं कार्यो को जनहित में शीध्र पूरा किया जाये।